Bharat Temples

# मेरे घर आओ माँ शेरोवाली

मेरे घर आओ माँ शेरोवाली हो तेरी ज्योती जगाए हुए है
तेरी ज्योती जगाए हुए है ध्यान तेरा लगाये हुए है
मेरे घर आओ माँ शेरोवाली हो तेरी ज्योती जगाए हुए है

घोर संकट ने हमको माँ घेरा मेरे जीवन में करदो सवेरा
मेरी विनती यही तुम से माता दूर करदो माँ मेरा अँधेरा
माँ हाथ जोड़े खड़े मेहरा वाली सिर अपना झुकाए हुए है
मेरे घर आओ माँ शेरोवाली हो तेरी ज्योती जगाए हुए है

सारी दुनिया में है पाप भारी हो हम को चाहिए किरपा माँ तुम्हारी
दुष्ट पापी अधर्मी बचे न करके आओ शेर की सवारी
रूप काली का दर खप्पर वाली आस तुमसे लगाये हुए है
मेरे घर आओ माँ शेरोवाली हो तेरी ज्योती जगाए हुए है

मैं हु बेटा तू है मात मेरी मेरी अर्जी है चरणों में तेरी
ना ही पूजा न पाठ कोई जानू बस तु ही है मैं इतना ही जानू
गिरी बालक है माँ भवनों वाली सर अपना झुकाए हुए है
मेरे घर आओ माँ शेरोवाली हो तेरी ज्योती जगाए हुए है

Source: https://www.bharattemples.com/meri-ghar-aao-maa-sheravali/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw